
हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025




तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 10.4 डिग्री



महाराणा प्रताप चौक से मंगला जाने वाले मार्ग में पिछले कुछ दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है। कुछ बदमाश रात होते ही सक्रिय हो जाते हैं।

### लालखदान रेल हादसा : रेलवे की जांच रिपोर्ट में कई खुलासे

# घटना के 7 मिनट बाद दी गई कंट्रोलर को सूचना, इसलिए देर से बजा हूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसी भी रेल हादसे के बाद तत्काल 1 मिनट के अंदर कंट्रोलर को सूचना देनी चाहिए, लेकिन लालखदान में रेल हादसे के 7 मिनट लेट सूचना देने के कारण रेलवे स्टेशन में हूटर विलंब से बजा। इसके कारण जोन और डिवीजन के अफसरों को भी घटना की जानकारी देर से मिली, जिसकी वजह से घटनास्थल तक सहायता पहुंचने भी विलंब हुआ। इस तरह की घटना रेल प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है।

सीआरएस की प्रारंभिक रिपोर्ट में रेलवे के कामकाज से संबंधित अनेक खामियां उजागर हुई हैं।रेल प्रशासन के नियमानुसार ट्रैक पर चलने वाली ट्रेन के बेपटरी होने, आग लगने व अन्य घटना होने के बाद तत्काल कंट्रोल को सूचना दी जाती है। इसके बाद कंट्रोलर की ओर से तत्काल सभी रेल अफसरों और संबंधित विभाग के स्टाफ को जानकारी देने के लिए हूटर बजाकर सूचना देने का नियम है। इस सूचना के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सहित एआरटी व अन्य विभागों की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरु कर देती है। यह नियम बिलासपुर रेल मंडल में विपरीत चल रहा है। चार नवम्बर को जब लालखदान चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू और अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी में टक्कर होने से 12 से अधिक यात्रियों की मौत और 19 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह घटना दोपहर 3 बजकर 56 मिनट से शाम 4 बजे के बीच हुई थी। घटना के तत्काल बाद इसकी जानकारी कंट्रोलर को दी जानी थी, ताकि कंट्रोलर से हूटर बजने के उपरांत तत्काल सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी मिल सके। इस कार्य में काफी लापरवाही बरती गई। सात मिनट बाद सूचना मिलने के उपरांत हूटर बजा तो अधिकारी-कर्मचारी घटनास्थल की ओर दौड़े, जिसके कारण यात्रियों के रेस्क्यू में भी काफी विलंब हुआ।

#### कैब में लगा कैमरा भी खराब

लालखदान हादसे में जिस मेमू ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर हुई, इसके बाद इंजन, ब्रेक यान और दो कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसमें कैमरा भी लगा हुआ था, लेकिन वह महीनों से बंद पड़ा हुआ था। ट्रेन संख्या 68733 में टीसीएमएस यूएसबी आधारित ब्लैक बॉक्स मौजूद था, लेकिन डेटा 1024 बाइट्स की सीमा में होने और बफर फुल होने पर नियंत्रित शटडाउन न होने के कारण महत्वपूर्ण डेटा खो गया। इसकी वजह से रिकार्डिंग नहीं मिलने के कारण जांच भी अधूरी रह गई।

### सहायता पहुंचने में भी हुई देर, रेल प्रशासन की चूक

#### अप्रशिक्षित हाथों में थमा दी थी मेमू की कमान, 12 यात्रियों की गई जान



हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### अतिरिक्त खर्च हुए तीन करोड़

लालखदान रेल हादसे में कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू में सैकड़ों की संख्या में यात्री सफर कर रहे थे। हादसे में 12 से अधिक यात्रियों की मौत और 19 से अधिक यात्री घायल हुए। मृतकों को 10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल को 5 लाख के साथ चोटग्रस्त यात्रियों को 1 लाख रुपए देने की तत्काल घोषणा रेल मंत्रालय ने कर दी। घटना के बाद घायल हुए यात्रियों के उपचार के अलावा मृतकों को 10-10 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा सहित करीब 3 करोड़ रुपए की राशि रेलवे की ओर से खर्च की गई।

#### नहीं होती अल्कोहल की जांच

रेलवे में किसी तरह की घटना हो जाने के उपरांत इंजन का चालक, परिचालक का अगर निधन हो जाए तो पोस्टमार्टम में अल्कोहल की जांच नहीं होती है। सीआरएस की प्रारंभिक रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया है कि मौत के बाद चालक, परिचालक के पोस्टमार्टम कराया जाए, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने ट्रेन परिचालन के दौरान अल्कोहल लिया था या नहीं लिया।

#### पूरा सिस्टम ही खराब

रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा बिलासपुर रेल मंडल के अलावा रायपुर व नागपुर मंडल में रेल हादसे की जांच के अलावा दूसरे कार्यों के लिए भी कई बार आ चुके हैं। लालखदान रेल हादसे के बाद श्री मिश्रा ने रेलवे के पूरे सिस्टम की लापरवाही को खराब बताया है, जिसके कारण इतना बड़ा हादसा हुआ है। इस सिस्टम को सुधारने के लिए उन्होंनें रेल अफसरों को सुझाव भी दिया है, ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो सके।

#### एएलपी अभी भी सस्पेंड

लालखदान रेल हादसे में मृत चालक के साथ असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज भी कोरबा-बिलासपुर मेमू में मौजूद थी। एएलपी रश्मि राज हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। अपोलो के बाद रश्मि राज को रेलवे केन्द्रीय हास्पिटल में रिफर कर दिया गया, जहां उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है। हादसे में जांच के दौरान एएलपी को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

#### आएगी फाइनल रिपोर्ट

प्रारंभिक रिपोर्ट गोपनीय रहती है। अब तक रेल सेफ्टी कमिश्नर की फाइनल रिपोर्ट नहीं पहुंची है। फाइनल रिपोर्ट जब तक नहीं आ जाती है, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

- **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## धान खरीदी केंद्र से प्रबंधक नदारद, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- बिल्हा ब्लॉक के गुमा खरीदी केंद्र का मामला

धान खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्र से नदारद पाए जाने पर गुमा समिति के प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह उपार्जन केंद्रों में शासन द्वारा निधारित मापदंडों में व्यवस्थाएं नहीं होने के कारण पांच खरीदी केंद्रों के प्रभारी एवं बिल्हा ब्रांच के शाखा प्रबंधक व पर्यवेक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

धान खरीदी केंद्रों में किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए जिलाधिकारियों को सतत निरीक्षण के निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं। इसी के मद्देनजर उपायुक्त सहकारिता, खाद्य नियंत्रक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी चंद्रशेखर जायसवाल के द्वारा बिल्हा ब्लॉक अंतर्गत धान खरीदी केंद्र बोदरी, बिटकुली, गुमा, बरतोरी एवं बिल्हा खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र गुमा के प्रबंधक शरद कश्यप अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, जिसे धान खरीदी जैसे शासन के प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए उपायुक्त सहकारिता द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

धान खरीदी केंद्र बोदरी, बिटकुली, गुमा, बरतोरी एवं बिल्हा में निरीक्षण के दौरान धान के सुरक्षित रख रखाव हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नही किया जाना पाया गया। इसके अंतर्गत समिति के द्वारा डनेज व व्यवस्थित स्टैकिंग नियमानुसार नही किया गया था। धान की सुरक्षा की दृष्टि से लापरवाही भी पाई गई। इन कमियों को गम्भीरता से लेते हुए इन सभी धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही बिल्हा ब्रांच के शाखा प्रबंधक लक्ष्मण कौशिक व पर्यवेक्षक हितेश सलूजा को केंद्रों में सुरक्षा भंडारण के निर्देशों का पालन न कराए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### 30 क्विंटल अवैध धान जब्त

व्यापारी द्वारा अवैध तरीके से खरीदा गया धान जिले की टीम ने जब्त कर लिया। संयुक्त जांच दल द्वारा सूचना मिलने पर ग्राम पचपेड़ी के गोलू गुप्ता नामक व्यापारी के गोदाम में छापामार कार्रवाई की गई। यहां से 75 कट्टी धान पाया गया जो कि वजन में करीब 30 क्विंटल होता है। टीम के द्वारा धान की जब्ती कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त व्यापारी बिना कागजात के धान खरीदी-बिक्री का व्यवसाय कर रहे थे। उक्त कार्रवाई राजस्व विभाग के नेतृत्व में खाद्य और मंडी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

## अटल यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति हुई है। कार्य परिषद के नए सदस्यों की नियुक्ति राजभवन से जारी हुआ है।

छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद में नए सदस्यों के रूप में बिलासपुर कोनी निवासी संतोष तिवारी सहित माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य प्रफुल्ल कुमार शर्मा व विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के प्रांत सचिव ब्रजेन्द्र कुमार शुक्ला की नियुक्ति हुई है। कार्य परिषद यूनिवर्सिटी की सबसे महत्वपूर्ण और शक्तिशाली बाडी होता है जो यूनिवर्सिटी से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक व अकादमिक फैसला लेता है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में 2 की मौत, 1 घायल

**बिलासपुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं यू टर्न करते समय कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया है। पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के अनुसार, मुंगेली गुठेली निवासी रूपेश गेंदले पिता श्यामदास गेंदले 26 साल मंगला दीनदयाल कालोनी में रहकर मैग्नेटो मॉल के पास चाट गुपचुप की दुकान चलाते थे। उनके भाई सुभांशु अनंत ने बताया सोमवार की शाम 4 बजे दुकान से मंगला जिम जा रहे थे। सर्किट हाउस के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया, दरवाजे से टकराकर वे बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान कुदूदण्ड की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएस, 8974 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रूपेश गेंदले के सीने के ऊपर बाइक चला दी। हादसे में रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक घायल रूपेश को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

#### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

9 दिसंबर की सुबह 10 बजे रतनपुर पुलिस के अनुसार, सांधीपारा निवासी शिवकुमार गोंड अपने पिता लोचन सिंह गोंड को टीवहीएस एक्सल क्रमांक सीजी 10 एवी, 7834 में बैठाकर फसल कटाई करने जा रहे थे। ओढ़िनापारा ओवरब्रिज में नीचे से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने परिक्षण के बाद लोचन सिंह गोंड को मृत घोषित कर दिया। शिव कुमार का इलाज चल रहा है।

#### यू टर्न करते समय कार की टक्कर से छात्र घायल

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कोरबा कुसमुंडा अखरापानी निवासी चंद्रप्रकाश राठौर पिता दामोदर राठौर उसलापुर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। 8 दिसंबर को वह बाइक में दोस्त रोनित जायसवाल को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। व्यापार विहार आनंदा इंपीरियल होटल के सामने सड़क किनारे खड़ी सिल्वर रंग की अल्टो कार के चालक ने यू टर्न कर उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चंद्रप्रकाश राठौर घायल हो गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
ऑनलाईन स्पेशल ₹~~445~~ प्रति पीस वाली
फैक्ट्री से कम दाम पर
फिटेड विथ इलास्टिक सिंगल बेडशीट
आकर्षक प्रिंट एवं डिजाईन में
5 बेडशीट + 5 पिलो कव्हर
₹449 में
5 सिंगल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
*condition apply

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन ने की केन्द्रीय शिक्षामंत्री से भेंट



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की। इस दौरान बिलासपुर संसदीय क्षेत्र से जुड़े गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय से संबंधित विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहूने आज कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डीसे भी सौजन्य भेंट की।

### हाईकोर्ट बार चुनाव, 19 जनवरी को नामांकन व 5 फरवरी को मतदान

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव के लिए आज शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 5 फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती 6 फरवरी को होगी। 15 दिसंबर को बकाया शुल्क जमा करने के बाद 17 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रशासक ने आज दोपहर बाद अधिसूचना जारी कर निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। दावा आपत्ति 2 जनवरी से 5 जनवरी तक की जा सकेगी । 9 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची आएगी। नामंकन पत्रों का वितरण 12 से 16 जनवरी तक होगा । नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी है। जांच के बाद उमीदवारों की प्रारम्भिक सूची 21 जनवरी को प्रकाशित होगी। इसके बाद 23 जनवरी शाम तक नाम वापस ले सकते हैं। उमीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 27 जनवरी को होगा। 5 फरवरी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती 6 फरवरी को की जाएगी। विजयी उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र 10 फरवरी को शाम 4 बजे मिलेंगे ।

### कदम संस्था के सहयोग से किया नेत्रदान व देहदान

**बिलासपुर।** कदम संस्था के सहयोग से कतियापारा निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने अपने पिता बद्री प्रसाद गुप्ता का निधन पश्चात सर्वप्रथम नेत्रदान और उसके बाद फिर देहदान करवाया। निधन के पश्चात कदम संस्था के सहयोग से नेत्रदान कराया गया व सिम्स बिलासपुर के एनाटोमी विभाग में देहदान किया गया । देहदान के समय दिनेश कुमार गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, त्रियुगी गुप्ता, भागवत गुप्ता, रामायण गुप्ता, मंगलचंद गुप्ता और प्रांशु गुप्ता, सिम्स एओडी डॉक्टर शिक्षा जांगड़े, संस्था के सुनील आडवाणी ,सुनील तोलानी, राजकुमार अग्रवाल, डॉ श्वेता चैतानी, ट्विंकल आडवाणी आदि मौजूद थे।

### मानिकपुरी समाज का ग्रन्थ भजन चौका आरती शोभायात्रा 13 से

**बिलासपुर।** मानिकपुरी समाज राम नगर लिंगियाडीह में 13 दिसंबर से दो दिवसीय ग्रंथ भजन चौका आरती शोभा यात्रा श्वेत ध्वज सत्यनाम के साथ समिति सदगुरू मानिक पंथ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 13 दिसंबर शनिवार को सुबह 10 बजे से भव्य कलश - शोभा यात्रा गुरुधाम लिंगियाडीह अपोलो हॉस्पिटल के सामने से निकल कर अमरैया पर (तिरंगा चौक) होते हुए चुन्नी सिंह तालाब तक जाएगी। चुन्नी सिंह तालाब से वापसी लिंगियाडीह गुरुधाम कृष्णा लॉज गली आ जाएगी। जिसमें 14 दिसंबर रविवार को चौका आरती होगी।

### कब्जा हटाने गए निगमकर्मियों ने व्यापारी से की मारपीट

**बिलासपुर।** नगर निगम की टीम सोमवार की रात बृहस्पति बाजार में कब्जा हटाने के लिए पहुंच गई। इसी दौरान निगम के एक कर्मचारी ने सब्जी व्यवसायी से मारपीट कर दी। इससे गुस्साए व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद व्यापारी देर रात तक विरोध प्रदर्शन करते रहे। नगर निगम की टीम सोमवार की रात बृहस्पति बाजार में कब्जा हटाने पहुंची थी। इस दौरान यातायात पुलिस के जवान भी निगमकर्मियों के साथ रहे। बाजार में पहुंचते ही निगम के कर्मचारियों ने व्यापारियों का सामान जब्त करना शुरू कर दिया। इसी दौरान एक कर्मचारी ने सब्जी व्यापारी से मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से व्यापारी सहम गया। उसने खुद को बचाने की कोशिश की। निगमकर्मी की हरकत का वहां के अन्य व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। व्यापारियों ने देर रात तक घटना का विरोध किया। पुलिस की समझाइश के बाद व्यापारी शांत हुए। अब निगम के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच की बात कह रहे हैं। एएसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे ने बताया कि नियमित अभियान के दौरान पुलिस के जवान निगम की टीम के साथ सहयोग के लिए थी। इसी दौरान वहां कुछ हंगामा हुआ।

## निधन

### सोनूलाल साहू



**सरगांव।** सरगांव निवासी वरिष्ठ सामाजिक नागरिक सोनूलाल साहू का निधन हो गया। वे जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू एवं पूर्व रणजी क्रिकेट प्लेयर संतोष साहू के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### धीरेंद्र यादव



**बिलासपुर।** सुक्खू बाडा सरजू बगीचा मसानगंज निवासी धीरेंद्र यादव का 9 दिसंबर को निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे होरी लाल यादव के छोटे पुत्र और सुरेंद्र यादव के भाई थे।

**किसान-व्यापारी दोनों को राहत** | बहुमंजिला इमारतों में बेसमेंट, प्रथम व ऊपर के तलों पर मिलेगी छूट

# नगरीय निकायों में वर्गफीट आधार पर रजिस्ट्री का आदेश वापस

**बिलासपुर।** केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जमीन की गाईडलाईन दरों को पुनरीक्षित किया गया है। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों में वर्गफीट के आधार पर रजिस्ट्री की अनिवार्यता समाप्त कर पूर्व की भांति यथावत किया गया है। इस निर्णय से किसान एवं व्यापारी दोनों को लाभ होगा। बहुमंजिला भवनों में क्षेत्र की गणना सुपर बिल्टअप के बजाए बिल्टअप एरिया के आधार पर होगी। इसी तरह बेसमेंट, प्रथम तल व इससे ऊपर के भवनों की रजिस्ट्री में छूट दी जाएगी।

केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 19 नवंबर को राज्य में जमीन की गाईडलाईन दरों में बदलाव किया गया था। बदलाव के बाद प्रदेश भर में सभी वर्गों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किए गए थे। आखिरकार मूल्यांकन बोर्ड के द्वारा एक बार फिर अपने द्वारा किए गए संशोधनों पर पुनर्विचार किया गया व दरों को पुनरीक्षित करते हुए आदेश जारी किए गए। इसके अंतर्गत सबसे ज्यादा राहत देने वाला निर्णय नगरीय



निकायों में रजिस्ट्री को लेकर किया गया संशोधन है। अब नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक भूखंडों के वर्गफीट आधार पर गणना के प्रावधान को समाप्त करते हुए पूर्व प्रचलित उपबंध अनुसार किया गया है। अब नगर निगम क्षेत्र में 50 डिसमिल, नगर पालिका क्षेत्र में 37.5 डिसमिल एवं नगर पंचायत क्षेत्र में 25 डिसमिल से ऊपर भूमि की रजिस्ट्री पूर्व की भांति एकड़ की दर से ही की जाएगी। बहुमंजिला भवनों में फ्लैट, दुकान व कार्यालयों के लिए संपत्ति की खरीदी करने पर सुपर बिल्टअप एरिया के आधार पर बाजार मूल्य की गणना को भी विलोपित करने का निर्णय लिया गया है। अब केवल बिल्टअप एरिया के आधार पर ही मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे खरीदारों को राहत मिल सकेगी। इसी तरह बहुमंजिला भवन एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट एवं प्रथम तल पर संपत्ति की खरीदी करने पर 10 प्रतिशत एवं द्वितीय तल एवं उससे ऊपर के तलों पर खरीदी करने की स्थिति में 20 प्रतिशत कमी के साथ मूल्यांकन किया जाएगा। इससे मध्यम वर्ग के खरीदारों को किफायती दर पर फ्लैट मिल पाएंगे। कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में भी 20 मीटर पश्चात स्थित संपत्ति के लिए भूखंड की दर में 25 प्रतशत कमी कर मूल्यांकन किया जाएगा। कुछ अन्य विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाना है, जिसके लिए जिला मूल्यांकन समिति से 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं।

### निर्णय का स्वागत है

क्रेडाई के अध्यक्ष सुशील पटेरिया ने केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के पुनरीक्षित आदेश को राहत देने वाला निर्णय बताया है। श्री पटेरिया ने कहा कि संपत्ति की गणना सुपर बिल्टअप एरिया आधार पर करनी ही नहीं चाहिए, क्योंकि वह निजी न होकर सार्वजनिक स्थल हैं। गणना केवल बिल्टअप एरिया आधारित उन क्षेत्रों की हो जिनका उपयोग संपत्ति के मालिक या खरीदार कर रहे हैं। इसके लिए क्रेडाई द्वारा बोर्ड से मांग भी की गई थी, जिसे आखिरकार स्वीकार कर लिया गया। श्री पटेरिया ने बहुमंजिला आवासीय या व्यावसायिक भवनों में भी बेसमेंट एवं ऊपर के फ्लोर में छूट के प्रावधान की सराहना की है। उन्होंने इस निर्णय से आम लोगों को राहत मिलने की बात कही।

### किसान और व्यापारी दोनों को राहत

क्रेडाई के संरक्षक प्रकाश ग्वालानी ने कहा कि मूल्यांकन बोर्ड के द्वारा नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में 14 सौ वर्गमीटर एरिया में वर्गफीट आधार पर रजिस्ट्री की बाध्यता को समाप्त कर न केवल किसान, बल्कि व्यापारियों को भी बड़ी राहत दी है। इस बिंदु पर संशोधन नहीं होने की स्थिति में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण खरीदार के अभाव में आर्थिक जरूरतों की पूर्ति के लिए किसान अपनी जमीन बेच ही नहीं पाते। इसी तरह व्यापारी भी ढाई गुना अधिक कीमतों पर जमीन की खरीदारी से बचने का प्रयास करते। अब संशोधन के बाद काफी राहत है। क्रेडाई इस निर्णय से संतुष्ट है।

लोक अदालत 13को, न्यायाधीशों की ली वर्चुअली बैठक

# चीफ जस्टिस ने की राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को होगा। उक्त लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रमुख संरक्षक द्वारा राज्य के सभी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पारिवारिक न्यायालयों के न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा श्रम न्यायालयों के न्यायाधीशों की वर्चुअल बैठक ली गई। इस बैठक में न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की उपस्थिति रही।

मुख्य न्यायाधीश ने वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए सभी न्यायिक अधिकारियों को विशेष प्रयास करते हुए अधिकतम संख्या में पुराने लंबित सिविल एवं आपराधिक सुलह योग्य मामलों की पहचान कर उनका समाधान किये जान निर्देशित किया, साथ ही विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, पराक्रम्य लिखत अधिनियम एवं मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति से संबंधित मामलों पर ध्यान



केंद्रित किये जाने निर्देशित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि न्यायिक अधिकारी आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों के पूर्व-वाद निपटारे के लिए पक्षकारों को समझाईश देकर उनका समाधान कराने के लिए प्रेरित करें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि सभी न्यायिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पक्षकारों के साथ पूर्व बैठक करते हुए विशेष रूप से परक्राम्य लिखत अधिनियम और मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति से संबंधित मामलों की पहचान की जाए, जिनमें बीमा एवं वित्तीय कंपनियां जैसी संस्थाएं पक्षकार होती हैं ताकि अधिकतम समन्वय स्थापित कर समझौता कराया जा सके।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 के लिए निर्धारित कैलेंडर के अनुसार 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, फोरम, अधिकरण तथा सभी राजस्व न्यायालयों में किया जाएगा, जिसमें सिविल और आपराधिक सुलह योग्य मामलों सहित अन्य विवादों का निपटारा किया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुडे विवादों का समाधान मोहल्ला लोक अदालत के माध्यम लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 35,13,730 मामलों की पहचान की गई है, जिनमें 34,31,479 पूर्व-वाद और 82,251 न्यायालयों में लंबित मामले शामिल हैं, जिनमें पक्षकारों के बीच सुलह की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

# साझा संसार, नीदरलैंड्स के मैक्समूलर अलंकरण से सम्मानित हुए चौबे

**बिलासपुर।** वरिष्ठ कवि–कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को साझा संसार, नीदरलैंड्स के 'प्रथम अन्तरराष्ट्रीय मैक्समूलर अलंकरण–2025' से सम्मानित किया गया।

- **डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं संतोष चौबे**

श्री चौबे को वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन के लिए सर्वोत्तम योगदान के लिए यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह अंतरराष्ट्रीय अलंकरण राजस्थान के जाट बहरोड़ गाँव में आयोजित भव्य 'राठ रंग महोत्सव' में बलबीर सिंह छिल्लर, जिला प्रमुख अलवर एवं साझा संसार फाउंडेशन, नीदरलैंड्स के अध्यक्ष रामा तक्षक द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच पर इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए की कार्यकारी संपादक डॉ. विनीता चौबे, वरिष्ठ कवि एवं विश्व रंग के सह–निदेशक लीलाधर मंडलोई, बिजेंद्र सिंह महलावत, राधेश्याम यादव, सुभाष चौधरी व चित्रपाल तक्षक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कवि–कथाकार, उपन्यासकार, संपादक और अनुवादक संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रसार के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय 'विश्वरंग' महोत्सव की वर्ष 2019 में भोपाल से शुरुआत की जिसके आज 65 से अधिक सदस्य देश हैं। विश्व रंग 'मॉरीशस' के बाद हाल ही में उन्होंने श्रीलंका, मुंबई और भोपाल में विश्व रंग का सातवाँ भव्य आयोजन कर हिंदी के वैश्विक विस्तार की जमीन तैयार की है।




पुरस्कार प्राप्त करते संतोष चौबे।

### पहले भी हो चुके हैं सम्मानित

श्री चौबे को सिंगापुर में 'विश्व हिंदी शिखर सम्मान–2024' और फ्रांस में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'भारत गौरव सम्मान–2024', लंदन में वातायन यूके अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान 2023 और अमेरिका के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा 'लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड–2023 से सम्मानित किया गया। श्री चौबे को कविता (कहीं और सच होंगे सपने) के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद् का दुष्यंत कुमार पुरस्कार, आलोचना (कला की संगत) के लिए स्पंदन आलोचना सम्मान, अनुवाद (मास्को डायरी) के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार एवं उपन्यास (जलतरंग) के लिए शैलेश मटियानी तथा अन्तरराष्ट्रीय वैली ऑफ वर्ड्स पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। समग्र साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय दुष्यंत अलंकरण, शिवमंगल सिंह सुमन सम्मान' एवं अखिल भारतीय ब्रह्मदत्त तिवारी स्मृति सम्मान–2024' से अलंकृत किया गया हैं।

# डॉ. मूर्ति दंपती के शोध पत्रों की सराहना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर शोध क्षमता का परचम लहराया है। वर्ल्ड रिज्यूस्किटेशन कांग्रेस 2025 में डीन डॉ रमणेश मूर्ति और एनेस्थीसिया विभाग की एचओडी डॉ मधूमिता मूर्ति से भाग लिया और शोध प्रस्तुत किए। इस सम्मेलन में 40 देशों के 4 हजार से अधिक शोधकर्ता व डाक्टर मौजूद रहे।

मदुरई तामिलनाडु में आयोजित वर्ल्ड रिज्यूस्किटेशन कांग्रेस सम्मेलन में सिम्स के मूर्ति दंपत्ति शामिल हुए। इस दौरान 4 से 7 दिसंबर को मिनाक्षी मिशन मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में डीन डॉ. रमणेश मूर्ति के साथ वरिष्ठ माइक्रोबायोलॉजिस्ट व एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति शामिल रही। गर्भवती महिलाओं में होने




वाली जानलेवा स्थिति प्री-एक्लेम्पसिया विश्वभर में मातृ मृत्यु का कारण बनती है। उच्च रक्तचाप, प्रोटीन यूरिया और भ्रूण के विकास में बाधा की स्थिति निर्मित होती है। ऐसे में 10 में से 1 गर्भवती महिलाओं यह समस्या आम होती है। यह इक्लेम्पसिया कहलाता है। इस पर सिम्स के डॉ मूर्ति दंपति ने शोध प्रस्तुत किया है।

### और भी प्रयास करेंगे

सिम्स गंभीर मरीजों की देखभाल और शोध के क्षेत्र में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। प्री-एक्लेम्पसिया, इ क्लेम्पसिया और माइक्रोबायोटा जैसे विषय वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े विषय हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर सिम्स का गौरव बढ़ा है। हम अपने प्रयासों को ओर भी प्रखर करेंगें।

**-डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

### सिम्स ने प्राप्त की सफलता

"प्रि-इक्लेम्पसिया व इ क्लेम्पसिया ऐसी स्थितियाँ हैं जिनमें समय पर उपचार जीवन बचा सकता है। सिम्स की टीम ने आधुनिक मॉनिटरिंग और प्रोटोकॉल आधारित उपचार से उत्कृष्ट सफलता दर प्राप्त की है।"

**-डॉ. मधुमिता मूर्ति,** विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया, सिम्स

# फाटक बंद करने का निर्णय रेलवे ने लिया वापस

**बिलासपुर।** रेलवे ने जिस रेल फाटक को बंद करने का आदेश जारी किया था, उस फाटक के बंद होने के बाद किसानों को काफी परेशानी हो रही थी। किसानों ने फाटक न बंद करने का अनुरोध रेल अफसरों से किया, जिसके बाद रेलवे ने पुराने आदेश को वापस लेते हुए फाटक बंद करने का निर्णय स्थगित कर दिया है।

सभी ग्रामीण क्षेत्रों में धान की कटाई के साथ धान खरीदी का कार्य भी शुरु कर दिया गया है, जो काफी जोर शोर से चल रहा है। बिलासपुर रेल मंडल के क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जो रेल लाइन के किनारे बसे हुए हैं। इन सभी किसानों का आना-जाना अंडरब्रिज या फिर ओवरब्रिज से ही होता है। ब्रिज के बंद होने के कारण किसान काफी परेशान हो जाते हैं। इसी तरह का आदेश रेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले दिया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बेलगहना से टेंगनमाड़ा स्टेशन के बीच बीके-27 रेल अंडरब्रिज को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 दिसम्बर से 24 जनवरी तक सड़क मरम्मत कार्य के लिए बंद करने का आदेश जारी कर दिया था। इसके लिए रेलवे के संबंधित विभाग ने सारी तैयारी भी पूरी कर ली थी। इस दौरान आसपास के गांव के जनप्रतिनिधियों ने रेल प्रशासन से आग्रह किया कि निर्धारित अवधि के दौरान अंडरब्रिज बंद होने से किसानों की धान खरीदी हेतु आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित होगा। सैकड़ों की संख्या में किसानों का रास्ता बंद से उन्हें परेशानी भी उठानी पड़ेगी। किसानों की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने मामले की पुनः समीक्षा की। किसानों के हित में निर्णय लेते हुए रेल प्रशासन ने निर्धारित अवधि में अंडरब्रिज को बंद न करने का निर्णय लिया है। यह अंडरब्रिज नियत अवधि के दौरान यथावत चालू रहेगा, जिसमें सड़क यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहेगा।

# अपनामार्ट मालामाल थर्सडे में मिलेगा डबल ऑफ़र




बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** शहर की प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट ने इस बार के मालामाल थर्सडे को पहले से भी अधिक आकर्षक बना दिया है।

इस सप्ताह ग्राहकों को आलू और प्याज़ के साथ-साथ चीनी और तूर दाल भी होलसेल कीमतों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

गौरतलब है कि मालामाल थर्सडे को शहर की सबसे लोकप्रिय और विश्वसनीय सेल माना जाता है, जहां आलू और प्याज़ उपभोक्ताओं को लगभग आधे दाम पर मिलते हैं। इसी कारण अपनामार्ट एप और स्टोर दोनों पर हर गुरुवार भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार ऑफ़र को और मजबूत करते हुए अपनामार्ट ने चीनी और तूर दाल को भी अपने विशेष सूची में शामिल किया है। अब ग्राहक सिर्फ 499 की खरीदारी पर आलू, प्याज़, चीनी और दाल में से अपनी पसंद के दो सामान ऑफ़र रेट पर ले सकेंगे। ऑफ़र आइटम बढ़ने से ग्राहकों में और अधिक उत्साह देखा जा रहा है। अपनामार्ट टीम का कहना है कि बढ़ती ग्राहक संख्या के साथ वे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और बेहतरीन ऑफ़र उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

40 प्रतिनिधि चुनते थे अध्यक्ष समेत प्रमुख पदाधिकारी

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पांच साल से छात्र परिषद का गठन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पिछले पांच वर्षों से छात्र परिषद का गठन नहीं हो पा रहा है, जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 40 छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधियों द्वारा मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सह-सचिव चुने जाते थे।

- **विभिन्न प्रांतों से पढ़ने आते हैं छात्र**

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 8-10 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इसमें दो-ढ़ाई हजार स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित हास्टलों में रहते हैं। यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में बाहर से देश के विभिन्न प्रांतों से भी स्टूडेंट्स पढ़ने आते हैं, किन्तु इन स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं है। इसलिए यूनिवर्सिटी में छात्र परिषद गठन एवं छात्रसंघ चुनाव की मांग उठने लगी है और कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को इस संबंध में पिछले दिनों



ज्ञापन भी सौंपा है। क्योंकि हाल ही में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है जिससे वहां छात्रसंघ की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अंतिम बार छात्र परिषद का गठन सत्र 2019-20 में हुआ था। इसके बाद कोविडकाल के चलते छात्र परिषद गठन प्रक्रिया स्थगित कर दिया गया था। स्थिति यह है कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्र परिषद गठन, चुनाव को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है।

### 40 सदस्यीय थी छात्र परिषद

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पहले छात्र परिषद का गठन होता था, उसमें 20 विभागीय छात्र प्रतिनिधि चुने जाते थे और 20 विभागीय छात्र प्रतिनिधि मनोनीत किए जाते थे। इस तरह से 40 सदस्यीय छात्र प्रतिनिधियों में से चार प्रमुख पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सह-सचिव चुने जाते थे। यह छात्र परिषद सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का प्रतिनिधित्व करते थे। छात्र परिषद चुनाव न केवल छात्रहितों की रक्षा के लिए आवश्यक है बल्कि छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं।

### आवश्यकता नहीं

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पहले छात्र परिषद का गठन होता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों छात्र परिषद चुनाव नहीं हुआ है। यूनिवर्सिटी में छात्रों से संबंधित कई समितियां बनी हुई हैं, इसलिए छात्र परिषद चुनाव की फिलहाल आवश्यकता नहीं है।

**-प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


सिंगर क्लब ने व्यापार विहार में किया आयोजन

# महोत्सव में गणपति होमम, चंदन श्रृंगार के साथ पूजा



भारतीय नगर स्थित श्री अयप्पा मंदिर में इस वर्ष भी 41 दिवसीय श्री अयप्पा वृत्तानुष्ठान पर्व मनोकामना पूजा चिरप्पु महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसका समापन 27 दिसंबर को होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा व्रत रख कर पूजा कराए जा रहे हैं। भगवत दर्शन का लाभ लिया जा रहा है।

**अयप्पा मंदिर में चल रहा चिरप्पू महोत्सव, 27 को होगा समापन**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री अयप्पा सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस महोत्सव में प्रतिदिन गणपति होमम, अष्ट द्रव्य होमम, दीपालंकारम, निरमाला, चंदन श्रृंगार के साथ पूजा की जा रही है। इससे मंदिर परिसर का माहौल आध्यात्ममय बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि वृत्तानुष्ठान के साथ ही आने वाले दर्शनार्थियों के लिए 18 पावन सीढ़ी से होकर भगवान अयप्पा के दर्शन की सुविधा भी है। महोत्सव को सफल बनाने में श्री अयप्पा सेवा समिति के अध्यक्ष एमपीके नायर, उपाध्यक्ष एमएस नायर, सचिव एसएन पिल्ले, सहसचिव के. विजयन सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

## भागवत कथा का समापन

महोत्सव के साथ ही विगत 3 दिसंबर से श्रीमद भागवत कथा आयोजित की गई। इसका समापन मंगलवार 9 दिसंबर को हुआ। समापन पर सुबह हरिनाम कीर्तन हुआ। आस्था द्रव्य गणपति होमम, सुक्त जप, ग्रंथ नमस्कारम, विष्णु सहस्त्रनाम जप किया गया। इसके बाद श्रीमद भागवत का परायण हुआ। शाम को दीप आराधना, मंगलाचरण व हरि वर्षा नाम किया गया। दीप आराधना से पूरा मंदिर परिसर दीपक की रौशनी से जगमगा उठा।

# 'एलुमनी मीट' 3 दशकों की छात्राओं का महा-मिलन


छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**बिलासपुर।** पीएमश्री, सेजेस, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकण्डा में सोमवार को भव्य 'एलुमनी मीट' का आयोजन किया गया। सत्र 1991-92 से लेकर 2024-25 तक की पूर्व छात्राओं के इस महासम्मेलन में पुरानी यादें और नई उपलब्धियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इससे पूर्व, कार्यक्रम में शामिल होने आईं पूर्व छात्राओं का प्रवेश द्वार पर रोली-तिलक, पुष्प वर्षा और बैंड की धुन के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति हुई, छात्राओं के गायन और नृत्य ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। पूर्व छात्राओं ने भी खेल और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस मिलन समारोह में स्कूल की उन पूर्व छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही, जो आज उच्च पदों पर आसीन होकर समाज को दिशा दे रही हैं। जिसमें प्रशासनिक सेवा संयुक्त कलेक्टर डॉ गीता शुक्ला दीवान सहायक निदेशक सुनीता पाण्डेय,श्वेता शास्त्री,डॉ सौम्या तिवारी,डॉ मंजुला सराफ, आरती सोनी, लक्ष्मी राजपूत मौजूद थे। संस्था की प्राचार्य डॉ गायत्री तिवारी एवं शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शष्मिता शर्मा द्वारा किया गया।

# कलाकारों ने दी बाला सुब्रमण्यम के गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बिलासपुर सिंगर क्लब के सन्निधि चंद्रशेखर सहित दक्षिण भारतीय संगीत प्रेमियों ने दक्षिण भारत के प्रसिद्ध पार्श्व गायक पद्मश्री स्व. घंटासाला वेंकटराव के जन्मदिन के अवसर पर व्यापार विहार में संगीत संध्या एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दक्षिण भारतीय पार्श्व गायक प्रसिद्ध एस.पी. बाला सुब्रमण्यम के प्रसिद्ध गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों व कलाकारों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बात गायक कलाकारों ने वाद्य यंत्रों की धुन के बीच अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। सन्निधि चंद्रशेखर ने वंदनम अभिवंदनम पेश किया। बी.एच.भास्कर ने पांडुरंग का भजन, बुलुसु महेश कुमार ने विवाह भोजनमबु पर आधारित गीत गाकर माहौल बनाया। भले मंची रोजू, इंद्राणी सुब्रमण्यम, लक्ष्मी शर्मा, ए ज्योति प्रभा, पालनकी पदमा, कु. रानी पटनायक, पी.वी. शेखर, पीवी श्रीनिवास राव, एम सुधाकर राव, पालनकी श्रीनिवास, ए नरसिंह राव, एल.वी राजू ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया। कार्यक्रम का संचालन सन्निधि विश्वनाथ राव ने किया।

**प्रतिभाओं को मिलता है मंच**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.ई..सी.एल के सेवानिवृत्त जीएम. पीवी कृष्ण एवं श्रीमती पी. लक्ष्मी उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस आयोजन को सराहनीय बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से कलाकारों को मंच मिलता है और उनकी प्रतिभा आगे आती है। इस मौके पर दक्षिण भारतीय समाज के लोग एवं कला प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित थे।

**कार्यक्रम**

## स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व विषय पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शषिकला सिन्हा ने मानव अधिकार के स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भूतपूर्व प्राचार्य डॉ ज्योतिरानी सिंह ने संयुक्तराष्ट्र संघ एवं मानव अधिकार आयोग पर प्रकाश डाला। डॉ सी अनुपा तिर्की ने सामाजिक, आर्थिक एवं नागरिक अधिकार पर व्याख्यान दिया। अमृता आर चिमनानी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ इसाबेला लकड़ा, डॉ शोभा महिस्वर, डॉ ललिता साहू, डॉ बेला महंत, डॉ रश्मि जैन, वंदना राठौर, सुरेखा देवांगन, डॉ दीपिका महोबिया, आनंद कुमार, भरतदास मानिकपुरी सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

**धर्म-क्षेत्र**

## एकादशी व्रत 15 को, कृष्ण व खाटू श्याम मंदिरों में भजन संध्या

**बिलासपुर।** पौष मास के कृष्ण पक्ष की सफला एकादशी सोमवार 15 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस दिन शोभन योग बन रहा है। इस एकादशी पर श्रीबांके बिहारी और किशोरी जी लक्ष्मीनारायण स्वरूप में दर्शन देंगे, वहीं खाटू श्याम महाराज का फूलों से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में भजन संध्या और



दीपदान का आयोजन होगा। वैष्णव संप्रदाय के साधक कोई निर्जला तो कोई एकासन व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना करेंगे। महिलाएं मंदिरों में पहुंचकर दीपदान और विशेष पूजा करेंगी। पंडित ने बताया कि पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 14 दिसंबर शाम 6 बजकर 49 मिनट से शुरू होकर 15 दिसंबर रात 9 बजकर 19 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार व्रत 15 दिसंबर को रखा जाएगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 17 मिनट से 6 बजकर 12 मिनट और अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 56 मिनट से 12 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। इस दिन चित्रा नक्षत्र और शोभन योग का शुभ संयोग रहेगा, जिसे व्रत-पूजन अक्षय पुण्यकारी माना गया है।

**आयोजन**

## आर्य समाज वसुंधरा विहार में सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग आयोजित किया गया। इसके मुख्य यजमान आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला सपरिवार रहे। यज्ञ के बाद सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय किया गया। पं. जयदेव शास्त्री ने पूजा का वैदिक स्वरूप बताते हुए कहा कि पूजा का अर्थ किसी भी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ का यथा योग्य सेवा, सत्कार और सम्मान करना है। इसमें जीते जी माता-पिता, गुरु, आचार्य और अतिथि की यथा योग्य सत्कार, सम्मान किया जाता है और उनके आदर्शों पर चलकर उनके नाम को रोशन करना और उनके यश को बढ़ाना, नदी को स्वच्छ, पवित्र रखना उसकी वास्तविक पूजा है। विदेशों में नदी को नदी मानकर साफ सुथरा रखते हैं। पूजा का वास्तविक स्वरूप यदि व्यक्ति को समझ में आ जाए तो वह हर वस्तु का सदुपयोग, सम्मान व उसके साथ ठीक व्यवहार कर कर्तव्य का पालन करता है।

**कार्यक्रम**

## चालीहा महोत्सव में पाठकर्ता ने किया सुंदर कांड का पाठ



**बिलासपुर।** श्री सिंधु अमरधाम आश्रम झूलेलाल नगर चकरभाटा में चल रहे श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव में राजनांदगांव के मशहूर पाठकर्ता गणेश मिश्रा ने सुंदर कांड पाठ किया और बताया कि सुंदरकांड हनुमानजी का एक वाक्य नहीं बल्कि जीवन का सार है। इसे अपने जीवन में उतार लेने से भगवान राम के साक्षात दर्शन हो जाएंगे। कार्यक्रम के आरंभ में भगवान झूलेलाल, बाबा गुरमुख दास की फोटो पर पुष्प अर्पण कर आरती की गई। इसके बाद राजनांदगांव के मशहूर पाठकर्ता गणेश मिश्रा ताल छापर ने अपने भजन मंडली के साथ सुंदर कांड का पाठ किया एवं भक्ति भरे भजन गाए। उन्होंने बताया कि सुंदर कांड को बारीकी से पढ़ने, समझने से पूरे जीवन का सार नजर आएगा कि जीवन को किस तरह हम संवारे, संभाले। मोह, माया की जाल में फंस कर हम अपने इस मनुष्य जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। इस पृथ्वी लोक पर जन्म लेने के लिए भगवान भी तरसते हैं।

**स्पोटर्स न्यूज**

# राष्ट्रीय सीनियर जूडो कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में मणिपुर जूडो संघ द्वारा मणिपुर में 11 से 15 दिसंबर तक राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष का आयोजन कर रहा है।

उक्त प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ ने भी प्रदेश की टीम का गठन किया, जिसमें एशियाई कैडेट जूडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त रंजीता कुरेती, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रजत पदक प्राप्त तनु रानी साहू एवं प्रियांशु नेताम, राष्ट्रीय अस्मिता वूमेन जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त स्नेहा नियोगी का भी चयन किया गया है। प्रदेश की टीम में 8 पुरुष एवं नौ महिलाओं का चयन किया गया है। प्रदेश की महिला टीम में 48 केजी दीपिका साहू एवं प्रिया विश्वकर्मा, 52 केजी रंजीता करोती एवं तनु रानी साहू 57 के जी सपना यादव, 63 केजी शारदा गोस्वामी, 70 केजी नंदिनी सिंह, 78 केजी से कम में साधना जायसवाल, तथा 78 केजी से अधिक में स्नेहा नियोगी सम्मिलित है। पुरुष वर्ग की टीम में 60 केजी अनिल कुमार गोटा, 66 केजी ओनेस कोडियम, 73 केजी प्रियांशु नेताम एवं यशवंत पांडे, 81 राहुल कुमार, 90 केजी अभिषेक जायसवाल, 100 केजी से कम अनमोल सिंह , एवं 100 केजी से अधिक में मैनक दत्ता सम्मिलित है। प्रदेश के टीम के प्रशिक्षक बिलासपुर जिला जूडो संघ के महासचिव राजकुमार जायसवाल को नियुक्त किया गया है। प्रदेश जूडो संघ के पदाधिकारी ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं एशियाई चैंपियनशिप कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भी टीम का चयन भारतीय जूडो महासंघ करेगा। संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शंभू राम सोनी, कोषाध्यक्ष आलोक मिश्रा ने शुभकामनाएं दी हैं।

## कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत



खेलो इंडिया खेलो यूनिवर्सिटी गेम्स बीकानेर राजस्थान से लौटने पर कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अजय सिंह, डॉक्टर प्रमोद तिवारी,डॉक्टर सुरेश सिंह पवार, डॉ अजय यादव, मुकेश बिहारी, घोरे हेमंत सिंह परिहार,रामदेव बोले के साथ-साथ परिवार के सदस्य एवं मुकेश जांगड़े अमित एवं बहुत सारे खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 13 से

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदा के उद्गम स्थल, अमरकंटक में 13 दिसंबर को किया जा रहा है ।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय रेल के 12 जोनों के लगभग 120 पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे । प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके प्रमुख खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, जिससे मुकाबले अत्यंत रोमांचक होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाप्रबंधक तरुण प्रकाश करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ रेल अधिकारी, रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे । इस आयोजन के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट खेल परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल


**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।

# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुईं भावुक...



**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।

कुछ समय पहले शूटिंग के दौरान भी मालती प्रियंका के साथ सेट पर गई थीं। वहां मालती की मुलाकात सुपरस्टार महेश बाबू की बेटी सितारा से हुई। प्रियंका ने बताया कि दोनों ने साथ में खूब समय बिताया और मालती ने राजामौली के फार्म में एक बछड़े से भी मुलाकात की। यह अनुभव मालती की सबसे पसंदीदा यादों में से एक रहा।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।



### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन


मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

### सीरीज केटेगरी में शामिल हुए ये नाम

एडोलसेंस, ऑल हर फॉल्ट, द बीस्ट इन मी, ब्लैक मिरर, द गर्लफ्रेंड, द डिप्लोमैट, द पिट, प्लुरिब, सेवरेंस, स्लो हॉर्सेस, द व्हाइट लोटस, एबॉट एलिमेंट्री, द बेयर, हैक्स, नोबडी वॉन्ट्स दिस, ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग और द स्टूडियो जैसी सीरीज अलग-अलग जॉनर केटेगरी में चुनी गई हैं। देखना होगा कि कौन अपने नाम ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड कर पाता है।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

मुंबई। अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां



फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं। अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इसमें शबाना के साथ शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, साई तमहांकर, ज्योतिका और गजराज राव समेत कई कलाकार नजर आए थे।

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र.अ-6-अ/2025-26,
ग्राम-घुरू, तहसील सकरी
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीषा चावला पति जगदीश चावला निवासी बिलासपुर जूना बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि मौजा ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 615/21, रकबा 0.007 हे. भूमि आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी किया गया था। तब से आवेदिका उक्त खसरा भूमि पर कब्जे में है, परन्तु ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम डेस पति डेस रकबा 0.0010 हे. दर्ज हो गया है जो गलत व अन्याय है। अत: ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17.12.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 02.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
ग्राम- मुरु तह. सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम मुरु को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर पिता कार्तिकराम जाति केंवट मुरू उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मुरू, प.ह.न. 35 रा.नि.मं. अमसेना जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मुरू प.ह.न. 35 स्थित भूमि ख.न. 399/2, 399/3, 400/2, 402/2, 402/3 कुल रकबा 0.3520 हे. स्थित है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में आवेदक एवं शामिल खातेदारों के नाम पर दर्ज है। मूल किसान किताब गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान किताब प्रदाय करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 11.12.25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 28.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202511250500003-2/2025-26
ग्राम लच्छनपुर प.ह.नं. 17
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. मनीष कुमार यादव पिता संतोष यादव निवासी चोरभट्ठी तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लच्छनपुर प.ह.न. 17 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 104/12 रकबा 0.0400 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 19.12.2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 02.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राकेश कुमार पिता हर प्रसाद निवासी- ग्राम परसदा (तिफरा) तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की मे स्थित भुमि खसरा 624/1, 624/6 रकबा 0.3150, 2030 है जो उसके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भुमि है जो अभी वर्तमान मे कौशिल्या पति हरप्रसाद का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त भुमि को मेरे पक्षकार को उसके दादा फेकुराम के द्वारा वसीयत से प्राप्त हुआ है, उक्त भुमि को मेरे पक्षकार के पिता हर प्रसाद ने अपने नाम पर मेरे पक्षकार के बिना जानकारी दर्ज करा लिया था अभी वर्तमान मे उसके दिमागी स्थिति ठीक नही है जिसका फायदा उठा कर उसके पत्नि ने उसके भुमि को अपने नाम पर पंजीयन करा लिया है, और किसी अन्य के पास विक्रय करने की कोशिश कर रही है। उक्त भुमि के संबंध में जिला न्यायालय मे एक व्यवहार वाद 197 अ/2025 पक्षकार राकेश कुमार विरूद्ध हरप्रसाद, न्यायालय-श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.) पेशी दिनांक 5.1.2026 को नियत है। इस आम सूचना के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उक्त विवादित खसरा के संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार न करे, ऐसी संव्यवहार से किसी को कोई स्वत्व प्राप्त नही होगा। धन्यवाद
सो सुचना जाने
**भवदीय**
**राकेश कश्यप- अधिवक्ता**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9981288958**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम भथरी प.ह.नं. 10
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम भथरी वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण पटेल पिता/ पति राधे पटेल जाति मरार निवासी ग्राम तरकीडीह तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने माता सुमित्रा बाई के मृत्यु दिनांक 05.07.2022 को ग्राम पंचायत भथरी में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 31.12.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 9/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय - तहसीलदार लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र प्रकाशन-**
क्रमांक 679 वाचक/तहसीलदार/2025
रा.प्र.क्र. दिनांक 26.11.25
अ-6-2025-26 ग्राम केसरी
नारायण आ. गुहाराम जाति अहिरवार निवासी ग्राम कंसरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)........आवेदक .......बनाम....
रामकुमार आ. रामसमुन्द जाति यादव निवासी ग्राम कंसरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.). .......अनावेदक
एतद द्वारा सर्वसाधारण / रामकुमार आ0 रामसमुन्द यादव जाति यादव निवासी ग्राम कंसरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि :-इस न्यायालय में आवेदक नारायण आ0 गुहाराम जाति अहिरवार निवासी ग्राम कंसरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम कंसरी प.ह.न.11 रा.नि.मं. सारधा तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा खसरा नंबर 68 रकबा 0.0890हे. भूमि को अनावेदक से दिनांक 11/09/2009 को पंजीकृत बैनामा कीमती 33,000/ (तैंतीस हजार रुपये) में खरीदा है। छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत तहसीलदार महोदय लोरमी के समक्ष आवेदन पेश किया है, उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
इस संबंध में अनावेदक एवं हितबद्ध पक्षकार को सुचित किया जाता है कि किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12/12/2025 को वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालीन समयवधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जावेगा।
आज दिनांक 26/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा जारी किया गया।
**तहसीलदार लोरमी**
**जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**
**प्रकाशित आम सूचना के खण्डन के संबंध में**
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम लगरा प.ह.नं. 27, रा.नि.म. मोपका, वि.ख.बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 631 रकबा 0.27 एकड़ की भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में गौरीशंकर साहू पिता गणेशराम साहू के नाम पर दर्ज चले आ रहा है, जिसे इन्द्रजीत गेंदले पिता भुखऊ सतनामी, निवासी-मोपका, बिलासपुर (छ.ग.) वाले से दिनांक 30/03/2025 को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसे राजस्व अभिलेख से नामांतरण कराया जा चुका है।
इस वर्णित खसरा रकबा की भूमि के संबंध में दिनांक 09/12/2025 को प्रकाशित आम सूचना में प्रकाशित उल्लेखित पक्षकार चन्द्रचूड़, समीर, मनीष तीनों पिता स्व.शंकर लाल सूर्यवंशी जो भुखऊ के किसी प्रकार का कोई विधिक वारिसान नहीं है जिसके द्वारा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नाना की सम्पत्ति का हवाला देते हुए जो आम सूचना प्रकाशित कराया गया है, वह विधि विरुद्ध होने से खण्डित किया जाता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई क्रय किये जाने हेतु अनुबंधन किया जाये, जो विधिवत् बिक्री नामांतरण होकर क्रेता के कब्जे में निर्बाद रूप से चले आ रहा है।
सो सूचना जानें।
दिनांक-09/12/2025
बिलासपुर (छ.ग.)
**भवदीय**
**पक्षकार - गौरीशंकर साहू**
**पिता गणेशराम साहू**
**पता - अधिवक्ता कमलेश अंचल**
**तहसील कार्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827472096**

**न्यायालय तहसीलदार पथरिया जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
Email: tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./202510250900005/अ-27/2024-25
ग्राम-गंगद्वारी, प.ह.नं. 25
**दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**
प्रति, 1. बेदराम पिता खोरबहरा 2. नेतराम पिता खोरबहरा 3. चैतराम पिता खोरबहरा 4. घनश्याम पिता खोरबहरा 5. बहुरा बाई पुत्री खोरबहरा 6. जहूरा बाई पुत्री खोरबहरा 7. कल्याणी बाई पुत्री खोरबहरा 8. रामावतार पिता शिवप्रसाद 9. सुशीला पुत्री शिवप्रसाद 10. अमरिका पुत्री शिवप्रसाद 11. चन्द्रिका पुत्री शिवप्रसाद 12. बौनी पुत्री शिवप्रसाद सभी जाति लोधी, निवासी ग्राम सोढ़ी म., तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.).... अनावेदकगण / अनावेदिकागण
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक दुखित राम पिता स्व. कलीराम, जाति लोधी, निवासी ग्राम सोढ़ी म., तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गंगद्वारी, प.ह.नं. 25, तहसील-पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 135, 1224/2, 1231/2, 1233, 1234, 896 रकबा क्रमशः 0.328, 0.526, 0.174, 0.057, 0.202, 0.012 हेक्टेयर भूमि शामिल खाता उभयपक्षकार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि संयुक्त परिवार की संपत्ति है, जिसे उभयपक्षकार के द्वारा पारिवारिक व्यवस्था व आपसी सहमति से आज से करीबन 10-11 वर्ष पूर्व मौखिक बंटवारा कर अपने-अपने हिस्से की भूमि में निर्विवाद रूप से कृषि काश्तकारी कर कब्जे में चले आ रहे है। उक्त आवेदित कृषि भूमि को पूर्व मौखिक बंटवारा व कब्जा के अनुसार उभयपक्षकार के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 11/12/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

प्रो.क्र.535
**न्यायालय श्रीमान अष्टम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
राधेश्याम गुप्ता व अन्य...वादीगण अपीलार्थीगण
**विरुद्ध**
तामेश्वर सिंह कौशिक व अन्य....उत्तरवादीगण /प्रतिवादीगण
व्य.अपील क्र. 85-अ/25
आदेश दिनांक 28/11/25
नोटिसी :-
(अ) श्रीमती भगवती देवी आयु 84 वर्ष पति श्री प्रहलाद सिंह निवासी सीपत, तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) (ब) श्रीमती नेमती बाई आयु 62 वर्ष पति स्व. देव सिंह सांडिल्य निवासी ग्राम कापन थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) (स) उत्तम सिंह आयु 60 वर्ष पिता स्व. श्री प्रहलाद कौशिक निवासी ग्राम निरतु, थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) (द) तुलेश्वर सिंह आयु 55 वर्ष स्व.श्री प्रहलाद कौशिक निवासी ग्राम कौडिया, थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) (इ) राम किशोर आयु 48 वर्ष पिता स्व.श्री प्रहलाद कौशिक निवासी ग्राम सीपत तह. मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
अपीलार्थीगण राधेश्याम गुप्ता व अन्य के द्वारा उत्तरवादी तामेश्वर सिंह व अन्य के विरुद्ध इस न्यायालय में व्यवहार अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 01 सहपठित धारा 151 व्य.प्र.स. के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई हेतु इस न्यायालय में अपील प्रकरण क्र. 85-अ/2025 है जिसमे दिनांक 05/02/2026 को दिन 11:00 बजे तिथि नियत है जिसमें हाजिर होने हेतु आपको सम्मंस / इश्तिहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिनको इस प्रकरण के सम्यक अनुदेश दिया गया हो और जो इस वाद से सम्बंधित सारवान प्रश्नों का उचित उत्तर दे सके और प्रतिरक्षा कर सके। यदि नियत तिथि को किसी प्रकार का आपत्ति / प्रतिरक्षा नहीं किये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा अनुपस्थिति में किया जायेगा ।
यदि किसी कारणवश नियत तिथि का अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में किया जायेगा ।
अत: आज दिनांक 06/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।
दिनांक : 06/12/25
बिलासपुर
**(अनिल प्रभात मिंज)**
**अष्टम जिला न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### नवोदय कोचिंग सेंटर में मना आशीर्वाद समारोह



**मुंगेली।** नवोदय कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए आशीर्वाद समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने नवोदय कोचिंग सेंटर में आकर सभी बच्चों को नवोदय परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं सुझाव दिए। नवोदय कोचिंग के संचालक कृष्णचंद्र ताम्रकार द्वारा परीक्षा में कैसे सफलता प्राप्त करें, इनका मूल मंत्र बताया गया।

### किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मरवाही।** जिले के किसानों की तात्कालिक समस्याओं को देखते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिले की सभी समिति का लिमिट 2 हजार 500 क्विंटल करने, तुहर टोकन एप में आ रही समस्या को दूर करने, समितियों द्वारा शासन के आदेशों के विरुद्ध किसानों से 40.700 से ज्यादा धान लेने, वारिसान पंजीयन शुरू करने, जिला सहकारी बैंक द्वारा किसानों को प्रति सप्ताह 1 लाख रूपए करने, धान उपार्जन केंद्रों में किसानों से बोरा भराई तौलाई सिलाई एवं छल्ली लगाने के एवज में हमालों द्वारा अवैध वसूली, एग्रीस्टैक में अंतर्गत आ रही समस्या, किसान पंजीयन एवं रकबा कम दिखने को तुरंत सुधार, भूपेश सरकार की चौथी किश्त दिलाने सहित पूर्व में दिए गए ज्ञापनों के निराकरण की जानकारी उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महामंत्री सीताराम कैवर्त, गोविंद गुप्ता, गेंदलाल मार्को, दौलत राय, सावन राय एवं प्रमोद राय उपस्थित थे।

### बच्चों को कराया गया कलेक्टोरेट का भ्रमण



**मुंगेली।** जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रधानमंत्री केयर एवं प्रवर्तकता कार्यक्रम से लाभान्वित बालकों को वार्षिक गतिविधि कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टोरेट का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएलयादव सहित अधिकारियों से बच्चों की मुलाकात कराई गई। कलेक्टर ने बच्चों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं देखरेख आदि की जानकारी ली। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजूबाला शुक्ला ने बताया कि, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे बच्चे शासन की योजनाओं की समझ और प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित हुए हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य और जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### पूर्व नपा अध्यक्ष के घर का मेन गेट क्षतिग्रस्त, जुर्म दर्ज

**लोरमी।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के घर के पीछे का दरवाजा खुला पाए जाने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 6 दिसम्बर की देर रात पूर्व नप अध्यक्ष अंजना दास ने बताया कि उनके घर के पिछले दरवाजे को रात में मजबूती से बंद किया गया था, लेकिन सुबह 9 बजे दरवाजे का दोनों पल्ला खुला पाया गया। सामने से दरवाजे में डेंट और खरोंच भी दिख रही थी, जिससे वे भयभित हो गईं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सीसीटीवी कैमरा तोड़ा गया था। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज जारी किया, जिसमें एक कार दरवाजे को ठोकर मारते नजर आ रही है। उन्होंने उक्त घटना की रिपोर्ट थाने दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि पूर्व नपा अध्यक्ष की लिखित शिकायत मिली है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।




### खेलने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** खेल नहीं खिलाने की बात को लेकर गाली गलौज व मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार शांतिपुर धुमा निवासी किशन मिरी 7 दिसम्बर को शाम 4 बजे अपने दोस्तों के साथ पोलो खेल रहा था तभी आरोपी संदीप पाटले शराब के नशे में आया और मुझे भी खेलना है कहने लगा और जब मना किए तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351,2 115,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## पार्षदों के साथ एसपी से मिले विधायक, मिली स्वीकृति

# चौपाटी निर्माण को लेकर पुलिस व नपा आमने-सामने




चौपाटी निर्माण को लेकर भाजपा पार्षदों के साथ एसपी से मुलाकात करते विधायक धर्मजीत एवं विरोध दर्ज कराते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका तखतपुर क्षेत्र में पुराने थाना भवन के पास प्रस्तावित चौपाटी निर्माण को लेकर सोमवार और मंगलवार को विवाद की स्थिति बनी रही।

चौपाटी निर्माण के लिए स्थानीय विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा शासन से 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई गई थी, जिसका भूमिपूजन उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विगत कुछ दिन पूर्व ही किया था। हाल ही में कुछ दिन पूर्व नगर पालिका ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था, लेकिन निर्माण स्थल के स्वामित्व को लेकर पुलिस और नगर पालिका आमने-सामने आ गए।

### कांग्रेस की खींचतान हुई उजागर

घटना में कांग्रेस पार्षदों में बिखराव देखने को मिला, जिसने कई सवालों को जन्म दे दिया। कांग्रेस के सभी पार्षद अपने अध्यक्ष के साथ मौके पर ही डटे रहे, लेकिन दो कांग्रेस पार्षद अपने साथियों को बिना बताए विधायक के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों के साथ एसपी से मिलने पहुंच गए। इससे अन्य कांग्रेस पार्षदों मे नाराजगी और असंतोष देखा गया।

### पार्षदों सहित एसपी से मिले विधायक

मामले की जानकारी मिलने पर विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी पार्षदों को बिलासपुर बुलाया एवं पार्षदों के साथ एसपी रजनेश सिंह से मुलाकात की। विधायक ने तखतपुर के विकास के लिए चौपाटी निर्माण को जरूरी बताते हुए कार्य फिर से शुरू कराने का अनुरोध किया। चर्चा के बाद एसपी ने चौपाटी निर्माण कार्य फिर से प्रारंभ करने की अनुमति दे दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अजय देवांगन, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, अंकित अग्रवाल, सुनील जांगड़े, कैलाश देवांगन, इस्लाम अंसारी, सुरेश देवांगन उपस्थित रहे।

### दोपहर के बाद पार्षदों के बीच टकराव

चौपाटी निर्माण को लेकर चल रहे विवाद में मंगलवार को एक नया राजनीतिक मोड़ देखने को मिला। सुबह से लेकर दोपहर तक भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पार्षद एकजुट होकर पुलिस के सामने निर्माण कार्य जारी रखने की मांग पर डटे रहे, लेकिन बाद में स्थिति बदल गई। दोपहर के बाद जब भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने पार्षदों को एसपी से मिलने बिलासपुर बुलाया तो, भाजपा के साथ कांग्रेस के दो पार्षद भी विधायक से मिलने पहुंचे। जबकि अन्य कांग्रेस पार्षद अध्यक्ष के नेतृत्व में तखतपुर में ही डटे रहे।

### थाना प्रभारी ने काम रुकवाया

विवाद तब गहरा गया, जब सोमवार दोपहर तखतपुर थाना प्रभारी विवेक पांडेय अपनी टीम के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे, और उक्त भूमि को पुलिस विभाग के कब्जे की जमीन बताते हुए निर्माण कार्य रोकने की मौखिक आपत्ति दर्ज कराई। टीआई ने नगर पालिका पदाधिकारियों को एसपी बिलासपुर से अनुमति लेने की बात कही, तब तक कार्य न कराने की अपील की। इस पर पलटवार करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, यह जमीन सरकारी है और नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आती है। यह कार्य जनहित का है, केवल मौखिक आपत्ति से काम नहीं रुकेगा, चाहे मुझे जेल ही क्यों न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि, यदि पुलिस को आपत्ति है, तो वरिष्ठ अधिकारी मौके पर आकर सार्वजनिक चर्चा करें। दूसरे दिन मंगलवार सुबह नगर पालिका ने फिर से निर्माण कार्य शुरू कराया, जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस निर्माण स्थल पर पहुंची। इस दौरान पुलिस स्टाफ और सभी भाजपा-कांग्रेस पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नगर पालिका प्रतिनिधि काम जारी रखने के पक्ष में थे, जबकि पुलिस की टीम कार्य रुकवाने पर अड़ी रही।

### खेत जा रहे ग्रामीणों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, 1 की मौत 1 घयाल

**रतनपुर।** मंगलवार सुबह खेत में फसल कटाई के लिए निकले दो ग्रामीण दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार शिवकुमार अपने साथी लोचन सिंह गोंड़ 70 वर्ष निवासी रामपुर, थाना पाली, कोरबा के साथ टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 10 एवी 7834 से खेत की ओर जा रहे थे। लगभग 10 बजे दोनों ओ छि ना पा रा ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे थे, तभी एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।



दुर्घटना में शिवकुमार और पीछे बैठे लोचन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ले जाया गया। स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों ने लोचन सिंह गोंड़ को मृत घोषित कर दिया, शिवकुमार का इलाज अस्पताल में जारी है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि, दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर उन्हीं में से एक हो सकता है, जिनका प्रयोग ग्राम सरवन देवी क्षेत्र में नदी से बड़े पैमाने पर होने वाले अवैध रेत उत्खनन के लिए किया जाता है। फिलहाल रतनपुर पुलिस तेजी से फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारना प्रतियोगिता का उद्देश्यः धर्मजीत



**सकरी।** खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओ में शक्ति, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र में छुपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के निर्देश दिए हैं।

उनकी प्रेरणा से हमारे सांसद तोखन साहू की ओर से इस आयोजन का आगाज हमारे विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छतौना में किया गया। उक्त बातें लाखासार में विखं स्तरीय फाइनल मैच के दौरान तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, खेल से व्यक्ति में प्रतिस्पर्धा के साथ साथ, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित होती है। इसके अलावा कार्यक्रम को जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सभापति अंबिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, मंडल महामंत्री अश्वनी साहू, सरपंच राधिका कौशिक, उप सरपंच शशि अनिल राजपूत, सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू ने भी संबोधित किया।

## कबड्डी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों का सबसे लोकप्रिय खेलः माधवी

**तखतपुर।** कबड्डी प्रीमियर लीग का शुभांरभ बेलपान में जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विचार रखते हुए माधवी ने कहा कि, कबड्डी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों का सबसे ज्यादा लोकप्रिय खेल बना हुआ है। शौर्य और संगठन का बेजोड़संगम कबड्डी पूर्व समय से ही हमारे क्षेत्र का लोकप्रिय खेल है जिसमें युवा भी बड़े उत्साह के साथ शामिल होते है और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। जब इस खेल का आयोजन होता है, तो युवा और बुजुर्ग इस खेल का आनंद लेने के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं। खिलाड़ियों को बेहतर मैदान उपलब्ध कराने के लिए बेलपान में आयोजित इस कबड्डी प्रिमियम लीग का लाभ सभी खिलाड़ी को मिलेगा। कबड्डी प्रीमियर लीग के शुभारंभ कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद सदस्य मनहरण लाल कौशिक, श्याम सिंह ध्रुव, ऋषभ कश्यप, अश्वनी श्रीवास, क्षमा सिंह की उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर मैच की शुरुआत कराई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने विजेता टीम को 11 हजार रूपए नकद देने की घोषणा भी की।



## कलेक्टर ने लिया सीएम के दौरे की तैयारियों का जायजा



**सेतगंगा-मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक बार फिर 18 दिसम्बर को जिले के विभिन्न इलाको में पहुंचने वाले हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय मुंगेली विधानसभा के ग्रामीण अंचल सेतगंगा में 18 दिसम्बर को बाबा गुरूघासीदास जयंती पर शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय के सेतगंगा आगामी तिथि को कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुये तैयारियो को लेकर कलेक्टर कुंदन कुमार पूरे अमले के साथ कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपेड का निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व मंत्री एवं विधायक पून्नुलाल मोहले भी कार्यक्रम की तैयारियों जायजा लेने 9 दिसम्बर को पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, सतनाम मानव कल्याण समिति अध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी, जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत सदस्य रामकमल सिंह परिहार, गिरीश शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, डॉ सुरेश केशरवानी, शिवकुमार बंजारे, कुलेश्वर बारमते, सोम वैष्णव, सुखचंद साहू, मनोहर मोहले, जैतराम खांडे आदि मौजूद थे।

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के तहत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**सरगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वकांक्षी पहल 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के तहत देश भर मे चल रहे व्यापक हस्ताक्षर अभियान के तहत सरगांव महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। क्षेत्र के विधायक धरम लाल कौशिक के मार्गदर्शन व प्रदेश प्रभारी शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा के निर्देशानुसार मुंगेली जिला संयोजक पीयूष साहू व सरगांव संयोजक निखिल कौशिक के नेतृत्व में गुरु रविदास शासकीय महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम मे भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने बताया कि, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी किफायती और सुचारू बनाना है। कार्यक्रम मे भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, पूर्व पार्षद रामकुमार कौशिक, नपा अध्यक्ष परमानन्द साहू, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, विधायक प्रतिनिधि असद मोहम्मद, निखिल कौशिक, दुर्गेश वर्मा, उदित साहू, हेमंत प्रिंस आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डीएस ठाकुर, अमन टोप्पो के सहयोग से अनुशासन जागरूकता का मौहल बना रहा।

## जिले में अब तक 10 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी सुचारू रूप से पारदर्शिता से जारी है। जिले में पंजीकृत किसानों से अब तक 10 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है।

वहीं उपार्जन केन्द्रों से 1 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना ने बताया कि, जिले में धान खरीदी का भुगतान जिले के कुल 10 सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को धान की राशि का सुविधापूर्वक भुगतान किया जा रहा है। किसानों को बैंक में लाइन लगने की समस्या ना हो, उन्हें आसानी से भुगतान की सुविधा मिले। इसके लिए किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है एवं चेक बुक प्रदान किया गया है। अब तक 200 करोड़ रूपए से अधिक धान खरीदी का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।



## वन संपदा क्षतिग्रस्त करने वाले 5 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**लोरमी।** खुड़िया वन परिक्षेत्र में हुए वन अपराध के मामले में परिक्षेत्र अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ वन अपराध, शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण की विवेचना के बाद प्रकरण में एस्ट्रोसिटी एक्ट जोड़कर आगे की कार्रवाई जारी है। यह घटना वन परिक्षेत्र खुड़िया के कक्ष क्रमांक 1523 कंसरी में लगभग डेढ़ माह पहले हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में वन परिक्षेत्र खुड़िया के कक्ष क्रमांक 1523 के 1,2,3, में पौधरोपण किया गया था। कक्ष क्रमांक 1 में आरोपियों द्वारा मवेशी चराई, पौधे उखाड़ना, पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग व जाली को नष्ट करना, सीमेंट पोल को नुकसान पहुंचाना था। साथ ही आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया। उक्त घटना का प्रतिवेदन डिप्टी रेंजर राजेश पाटले और मनोहर यादव ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को दी, जिसके आधार पर खुड़िया रेंजर रुद्र कुमार राठौर ने पुलिस चौकी खुड़िया में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी कमाल खान, बरकत अली, उमर खान, हकीम खान, हुसैन खान के खिलाफ धारा 296, 351/2, 324/5, 329/3, 221, 3, 5 के साथ-साथ वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) दर्ज कर विवेचना शुरू की। खुड़िया चौकी प्रभारी माधव टांडिया ने बताया कि मामले की विवेचना के बाद प्रकरण में एस्ट्रोसिटी एक्ट जोड़ा गया है, इस प्रकरण में आरोपी बढ़ भी सकते हैं। एसडीओपी हरविंदर सिंह ने बताया कि प्रकरण 4 दिन पहले ही मुझे मिला है, मामले की विधिवत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## शुल्क में बढ़ोतरी के बाद से रजिस्ट्री कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

# आधे से भी कम हुई रजिस्ट्री की संख्या, जमीन करोबारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी करने के बाद से रजिस्ट्री विभाग में सन्नाटा पसरा है। रजिस्ट्री कार्यालय सूने-सूने नजर आ रहे हैं एवं रजिस्ट्री करवाने वाले पक्षकार नजर नहीं आ रहे हैं। शुल्क में बढ़ोतरी के बाद लगातार विभाग में यह स्थिति लगातार बना हुई है। नई गाइडलाइन जारी होने के बाद बढ़े हुए दरों पर जमीनों की रजिस्ट्री में अब कच्चे—पक्के का खेल खत्म हो गया है।

पंजीयन शुल्क में सरकार ने बढ़ोतरी क्या कर दी, लोग रजिस्ट्री से परहेज ही करने लगे हैं। रजिस्ट्री विभाग का दफ्तर पूरी तरह से खाली नजर आ रहा है। उप पंजीयक कार्यालय मुंगेली में पिछले वर्ष नवम्बर माह में लगभग 270 रजिस्ट्री हुई थीं, किन्तु इस वर्ष नवम्बर माह में केवल 189 रजिस्ट्री हुई है। आमतौर पर जिले में प्रतिदिन औसतन 60 से 70 रजिस्ट्री होती है,




लेकिन 20 नवंबर को पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी आदेश आने के बाद से लोगों को पंजीयन को लेकर रूझान कम हो गया है। 20 नवंबर के बाद पंजीयन की औसत संख्या 30 में ही सिमट कर रह गई है। शासन को पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी करने के बाद राजस्व में लाभ तो निश्चत रूप से प्राप्त होगा, लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि फिलहाल शासन को नुकसान हो रहा है। जमीन के सौदों में वर्षों से चल रहा कच्चे—पक्के का खेल अब पूरी तरह बंद हो गया है। प्रदेश सरकार की ओर से लागू की गई नई गाइडलाइन दरों ने न सिर्फ जमीन की सरकारी कीमतों को बाजार भाव के करीब ला दिया है, बल्कि उन लोगों की नींद भी उड़ा दी है, जो अब तक रजिस्ट्री में कम और बाहर भारी रकम देकर काला धन खपाने का काम कर रहे थे। जानकारों का कहना है कि, नई गाइडलाइन दरें कई क्षेत्रों में बाजार दर से भी अधिक हो गई हैं। ऐसे में अब कोई भी व्यक्ति जमीन खरीदते समय एक नंबर से बाहर अतिरिक्त पैसा नहीं दे पाएगा। रजिस्ट्री का पूरा भुगतान बैंकिंग माध्यम से ही करना होगा। रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोगों का साफ कहना है कि, अब तक खरीदार सरकारी रेट पर भुगतान या तो चेक के माध्यम से या तो ऑनलाइन करते थे, लेकिन शेष रकम नकद देकर कालाधन खपाते थे। प्रदेश में पूर्व सरकार द्वारा 30 प्रतिशत रेट कम करने के बाद यह खेल तेजी से बढ़ा था, लेकिन अब नई गाइडलाइन से यह रास्ता पूरी तरह बंद हो चुका है।

### जिला मुख्यालय में 8 तक सिमटी संख्या

जिले में तहसील स्तर पर स्थापित किए गए उप पंजीयक कार्यालय में पक्षकारों की संख्या तो और भी नगण्य है। यहां औसतन 25-30 रजिस्ट्री प्रतिदिन होती थी, लेकिन शुल्क में बढ़ोतरी के बाद यह संख्या 8-10 तक भी नहीं पहुंच पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि, पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी का मामला अभी ताजा है, इसलिए अभी पक्षकार नहीं आ रहे हैं।

### कम हो गई है संख्या

रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी होने के बाद से रजिस्ट्री के लिए आने वाले पक्षकारों की संख्या काफी कम हो गई है। 20 नवंबर को शासन द्वारा शुल्क में बढ़ोतरी संबंधी आदेश जारी किए गए थे, जिसके बाद दो दिनों तक तो संख्या बिल्कुल ही कम थी। इसके बाद प्रतिदिन औसतन से करीब आधी रजिस्ट्री होने लगी है।

## सीएम साय से मिलीं जिपं उपाध्यक्ष ललिता



**तखतपुर।** क्षेत्र में विकास कार्यो और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि, पूरे जिला पंचायत क्षेत्र में आमजन भारतीय जनता पार्टी के सरकार से खुश हैं। इन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है, और विकास कार्यो का सिलसिला लगातार जारी है। लोग सरकार की कार्य प्रणाली से संतुष्ट हैं।

## खबर संक्षेप

### कुत्तों ने किया चीतल का शिकार

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के सीपत क्षेत्र में कुत्तों के शिकार से एक मादा चीतल की मौत हो गई। मंगलवार की शाम सीपत वन परिक्षेत्र के भरवाडीह गांव के पास जंगल से एक मादा चीतल भटकते हुए सड़क की ओर पहुंच गई थी। सड़क पर आने के बाद चार से पांच कुत्तों ने मिलकर चीतल का शिकार किया, जिसके कारण मादा चीतल गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर तत्काल ग्रामीणों ने पहुंचकर कुत्तों को भगाने के बाद सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां चीतल को उपचार के लिए हास्पिटल भेजा गया। कुत्तों के काटने के कारण गंभीर रूप से घायल हो चुकी मादा चीतल की मौत हो गई।

### पेट्रोल पंप के मैनेजर से लूट की कोशिश

**बिलासपुर।** बीती रात बिक्री की रकम लेकर मालिक के घर छोड़ने जा रहे पेट्रोल पंप के मैनेजर की आंख में मिर्ची



पावडर छिड़कर बाइक सवार तीन युवकों ने रकम लूटने की कोशिश की। भीड़ लगने से बाइक सवार लुटेरे भाग गए। पुलिस बाइक सवारों की तलाश कर रही है। तोरवा थाना प्रभारी कमल नारायण शर्मा ने बताया कि सोमवार की रात 9 बजे ढेका स्थित राहुल पेट्रोल पंप का मैनेजर राकेश साहू दिन भर की बिक्री की रकम लेकर मालिक के घर छोड़ने जा रहा था। कनोई पेपर मील के पास अंधेरा का फायदा उठाकर बाइक सवार तीन युवक आए और उनकी आंख में मिर्ची पावडर छिड़क दिया, जिससे वे बाइक सहित गिर गए। बाइक से दो युवक उतरकर आए उनके साथ झूमाझटकी कर पैसा लूटने की कोशिश करने लगे। किसी तरह मैनजर चिल्लाते हुए भागकर बस्ती की ओर आया। लोगों को देखकर बाइक सवार लुटेरे भाग निकले। रात में मैनेजर रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया। सोशल मीडिया में लूट की खबर चलने पर स्वयं तोरवा पुलिस पीड़ित की खोज में निकल गई। पहले तो मैनेजर रिपोर्ट लिखाने में आनाकानी कर रहे थे। पुलिस के कहने पर दोपहर में मैनेजर घटना की लिखित शिकायत की है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लग गई है।

नहीं की जा रही पार्किंग की व्यवस्था, स्मार्ट रोड पर खड़ी होंगी गाड़ियां

# स्मार्ट रोड पर अवैध तरीके से बन रहीं दुकानें, काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर से सिंधी कालोनी में बने शहर के पहले स्मार्ट रोड पर अवैध तरीके से लगातार दुकानें और व्यवसायिक काम्पलेक्स बनते जा रहे हैं। यहां तक इन काम्पलेक्स में पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है, जिससे आगे चलकर सारी गाड़ियां स्मार्ट रोड पर ही खड़ी होंगी और यह सड़क भी गली मोहल्लों की सड़क की तरह हो जाएगी।

शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम करने वैकल्पिक मार्ग के रूप में स्मार्ट सिटी में सिंधी कालोनी स्थित मिट्टी तेल गली की सड़क को शामिल किया गया था। यह शहर की पहली स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई सड़क है। यह सड़क वन विभाग डीएफओ कार्यालय के पास से लेकर सीधे बलराम टाकिज रोड को पार करते हुए नेहरू नगर और गणेश चौक वाली सड़क में जाकर मिलती है। आवागमन के लिए बहुत से लोग इस स्मार्ट सड़क का उपयोग करते हैं। जिस समय स्मार्ट सिटी द्वारा इस स्मार्ट सड़क का निर्माण कराया गया था, उस समय सड़क के दोनों ओर घर बने हुए थे, क्योंकि यह पूरा आवासीय एरिया था। शुरुआत में नगर निगम ने भी इस स्मार्ट सड़क पर कामर्शियल उपयोग प्रतिबंधित किया था और दुकान एवं काम्पलेक्स बनाने पर निगम द्वारा नोटिस देकर कार्रवाई भी की जाती थी। लेकिन अब इस सड़क के दोनों ओर जितने घर थे वे सब अब दुकान या काम्पलेक्स में तब्दील होते जा रहे हैं।

स्मार्ट सड़क के दोनों ओर नया मार्केट बन चुका है। वर्तमान में स्मार्ट सड़क के आगे बलराम टाकिज रोड को क्रास करके नेहरू नगर की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर दोमंजिला, तिमंजिला व्यवसायिक काम्पलेक्स का अवैध तरीके से निर्माण होते जा रहा है। काम्पलेक्स निर्माण में पार्किंग की भी जगह नहीं छोड़ी जा रही है, जिससे काम्पलेक्स निर्माण के बाद वहां जितनी भी गाड़ियां आएंगी वह सब स्मार्ट सड़क में खड़ी की जाएगी, जिससे आगे चलकर सड़क पर ट्रैफिक की समसया पैदा होगी।



नेहरु नगर से गणेश चौक जाने वाली सड़क पर बनाई जा रही दुकान।



### नक्शा पास कराने के लिए पार्किंग जरूरी

किसी भी व्यवसायिक काम्पलेक्स, भवन का निर्माण कराते समय उसमें पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य है। छोटी सी छोटी दुकान में भी पार्किंग का ध्यान रखना होता है। व्यवसायिक निर्माण में पार्किंग का प्रावधान किए जाने पर ही नक्शा पास किया जाता है। लेकिन बिना पार्किंग के नक्शा कैसे पास हो जाता है या फिर नक्शा पास होने के बाद पार्किंग की जगह नहीं छोड़ी जाती है। स्मार्ट सिटी रोड में जिनके द्वारा व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा है उनका पहले आवासीय मकान का प्रवेश द्वार पहले पीछे तरह के रोड में खुलता था जो अब बदल गया है।

### सभी को दिया जा रहा नोटिस

स्मार्ट सिटी रोड में जितने भी दुकान या व्यवसायिक काम्पलेक्स निर्माण हो रहा है उन सभी को नगर निगम की ओर से नोटिस भेजा जा रहा है। ऐसे सभी लोगों को नगर निगम बुलवाकर उनके दस्तावेज देखे जाएंगे और सुनवाई की जाएगी।

**-अनुपम तिवारी**
भवन अधिकारी, ननि

# रात 3 बजे चोरी कर भाग रहे युवक को गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जैकेट के अंदर सोना चांदी के जेवर व नकद रकम
- पुलिस ने मकान मालिक को दी चोरी की जानकारी

रात 3 बजे रात्रि गश्त पर निकले पुलिस को देखकर एक युवक दौड़कर भागने लगा। पुलिस ने 1 किलो मीटर दूर दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर जैकेट के अंदर सोना चांदी के जेवर व नकद रकम मिली। युवक से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मकान मालिक को उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। पुलिस ने जेवर जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार की रात सिविल लाइन टीआई एसआर साहू, आरक्षक आशीष साहू, सोनू पाल, आशीष वर्मा रात्रि गश्त पर निकले थे। रात 3 बजे वे रिंग रोड टू शांतिनगर में चाकूबाज व वारंटियों की पतासाजी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक पैदल चलते हुए आया और अचानक पुलिस को देखकर ठेठा डबरी की ओर गलियों से भागने लगा। पुलिस उसके पीछे भागने लगी। 1 किलो मीटर दूर भागने के बाद रास्ते में दीवार आने पर युवक फंस गया। दीवार कूदकर भागने के पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जैकेट के अंदर सवा लाख रुपए के सोना चांदी के जेवर नकद रकम मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय ध्रुव सकरी अटल आवास निवासी होना बताया और नेहरू नगर बिजली आफिस के पीछे देवेन्द्रनगर के एक सूने मकान में चोरी करना बताया। पुलिस उसे लेकर देवेन्द्र नगर गई तो आसपास के लोगों ने उक्त मकान चंद्रभान सिंह ठाकुर का होने की जानकारी देते हुए बताया कि वे परिवार के साथ परिजात कालोनी में रह रहे हैं। रात में पुलिस चंद्रभान सिंह के घर में जाकर उनके पुराने घर में चोरी होने व चोर को पकड़ लेने की जानकारी दी। पुलिस ने चंद्रभान सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर जेवर व नकद रकम जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



जब्त सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### रिलायंस मार्ट से सामान चोरी, नौकर गिरफ्तार

टीआई एसआर साहू ने बताया, 36 सिटी माल स्थित रिलायंस मार्ट में





पिछले दो माह से लगातार कास्मेटिक सामान की चोरी हो रही थी। स्टाक मिलान करने पर सामान कम मिलने पर सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया, जिससे वहां काम करने वाला प्रकाश कुमार मनहर सामान छिपाकर जाते नजर आ रहा था। शिकायत पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके घर से डेढ़ लाख का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### नर्मदा नगर के सूने मकान में चोरी

नर्मदा नगर निवासी मुनीष कुमार त्यागी वर्तमान में मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ रायपुर में रह रहे हैं। कभी कभी यहां आना जाना करते हैं।

मंगलवार को नौकरानी काम करने उनके घर आई तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही श्री त्यागी शहर आकर घर में देखे तो 50 हजार रुपए नकद, सीसीटीवी कैमरे का डीवीयार चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।





# 4 सी एयरपोर्ट, सीधी उड़ान व जमीन की वापसी के लिए समिति दिल्ली रवाना

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का दल सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट, उड़ानों के लिए रूट और जमीन की मांग को लेकर दिल्ली रवाना हो गया है। दल में आंध और निषाद समाज के साथ ही बिलासा कला मंच के सदस्य भी शामिल है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा एयरपोर्ट की विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन किया जा रहा है, सोमवार को हमसफर एक्सप्रेस और दुर्ग जम्मू सुपर फास्ट एक्सप्रेस से प्रतिनिधि मंडल सदस्य रवाना हो चुके है। लगातार 6 साल से चल रहे जन आंदोलन से एयरपोर्ट शुरू किया गया है, लेकिन पर्याप्त सुविधा नहीं होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के 14 जिलों और मध्य प्रदेश के तीन जिलों के लिए बिलासा एयरपोर्ट निकटतम है। समिति की मांग है कि सेना के कब्जे की जमीन शीघ्र ही वापस की जाए, साथ ही 4सी एयरपोर्ट के लिए केंद्र सरकार 300 करोड़ रुपए का अनुदान दें। वहीं हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर जैसे महानगरों तक सीधी शुरू की जाए साथ ही इसे उड़ान योजना में शामिल करें। गौरतलब है कि उड़ान योजना से हवाई मार्ग अधिसूचित होने पर विभिन्न एयरलाइंस टेंडर में शामिल हो सकते है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का रनवे 1500 मीटर लंबा है, ऐसे में 80 सीटर के ही फ्लाइट संचालित किए जा सकते हैं। बोइंग जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। समिति की मांग है कि रनवे 2200 मी तक बढ़ाया जाए जिससे कि बिलासपुर से उड़ान संचालित करने वाली कंपनियों में इजाफा हो सके। इस दौरान रामशरण यादव, अशोक भंडारी, बद्री यादव,शेख नजीरुद्दीन, नरेंद्र बॉलर, प्रकाश बहरानी, राजेंद्र शुक्ला, देवी सिंह बद्री प्रसाद केवट, परसराम केवट, प्रशांत सिंह, शिरीष कश्यप, आशीष खत्री,अकील अली और और सुदीप श्रीवास्तव शामिल है ।




नारेबाजी करते हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्य।




# वकील से मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवती को छोड़ने जा रहे वकील का रास्ता रोककर युवकों ने पत्थर से मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



- परिचित एक युवती को कार में लेकर शांतिनगर कोनी जा रहे थे

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नर्मदा नगर निवासी वकील शिवांश पारासर पिता हिमांशु पारासर 8 दिसंबर को रात 8.30 बजे अपने परिचित एक युवती को कार में लेकर शांतिनगर कोनी जा रहे थे। नेहरू नगर के पास सामने से कार से इशारा कर उन्हें कान्हा उपाध्याय, निमित दुबे रूकवाए और उन्हें युवती को लेकर कैसे घुमा रहा है। उन्होंने कहा युवती उनका दोस्त है और घूम रहे हैं। इस पर दोनों युवकों ने गाली गलौज की। श्री पारासर कार से बाहर निकले तो राजवीर बाबरा आया और अपने बाइक को उनके ऊपर चढ़ाने की कोशिश करने लगा। उन्होंने बाइक पकड़कर गिरा दिया। राजवीर अपने पास रखे चाकू से उनके सिर के पीछे, कमर के पास, बाए आंख के पास हमला कर दिया। उसके दोस्तों ने पत्थर से सिर को मारकर लहुलुहान कर दिया है।

किसी तरह वह भागकर जान बचाई और दोस्तों को बुलाया। उसके बाद वह रिपोर्ट लिखाने थाने आए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजवीर बाबरा, कान्हा उपाध्याय, निमित दुबे व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 3, 5, 351 , 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### पिता पर धारदार हथियार से हमलाः जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नगाई दैहानपारा निवासी रामकुमार साहू का लड़का कृष्णा साहू पिछले माह उनसे उनकी बाइक लेकर नाना के धर लिंगियाडीह आ गया था। 8 दिसंबर को वह अपनी बाइक लेने के लिए ससुराल जा रहे थे। स्मृत वन के पास उनका लड़का मिल गया। उन्होंने अपनी बाइक वापस मांगी तो उनका बेटा कृष्णा साहू, साला ननका साहू व उनके एक अन्य साथी लाठी, ईंट व धारदार हथियार से हमला कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

